वी.यू.– पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के प्लैटिनम जुबली महोत्सव का आयोजन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय जबलपुर में आगामी दिनांक 8 जुलाई को अपने 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस समारोह मनाने जा रहा हैं। पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर की स्थापना 8 जुलाई 1948 को मध्य प्रांत और बरार के अंतर्गत की गई थी। कॉलेज की शुरुआत पहले ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, खमरिया, जबलपुर के परिसर में हुई थी और फिर वर्ष 1962 में, कॉलेज को अपने वर्तमान स्थान सिविल लाइन्स, जबलपुर में स्थानांतरित कर दिया गया।

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय का इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है। कॉलेज अपनी अकादमिक उत्कृष्टता और संकाय सदस्यों के लिए जाना जाता है, जिनके पास पशु चिकित्सा स्नातकों के लाभ और पेशे के उत्थान के लिए महान वैज्ञानिक कौशल है।

महाविद्यालय के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पिछले वर्ष जुलाई 2022 से जुलाई 2023 तक अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इन कार्यक्रमों में संगोष्ठियां, वैज्ञानिक सम्मेलन, डॉग शो, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसी उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव के समापन समारोह के रूप में महाविद्यालय परिसर में स्थित सभागार में 8 जुलाई को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. आदित्य कुमार मिश्र, पूर्व अध्यक्ष (ASRB) एवं पूर्व कुलपति माफसु, पंतनगर विश्वविद्यालय, डॉ. अजय विश्नोई जी, विधायक पाटन जबलपुर, डॉ. उमेश चंद्र शर्मा, अध्यक्ष भारतीय पशु चिकित्सा परिसद, नयी दिल्ली, श्री अशोक रोहाणी जी, विधायक, केंट जबलपुर, श्री गुलशन बामरा जी, प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह, आईएएस, पूर्व अपर मुख्य सचिव आँध्रप्रदेश एवं पूर्व कुलपति तिरुपति विश्वविद्यालय मंचासीन होंगे।

इसके समरूप विशिष्ट आतिथि के रूप में डॉ कपिल देव मिश्र, कुलपति (RDVV), डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र, कुलपति JNKVV, डॉ अशोक खंडेलवाल, कुलपति मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ गोविन्द प्रसाद मिश्र, संस्थापक कुलपति, डॉ. आर.के. महिया, संचालक पशुपालन एवं डेरी, मध्य प्रदेश शासन भोपाल, डॉ. आर के जैसवाल, अध्यक्ष आई बी. ग्रुप राजनंद गांव कार्यक्रम की शोभा बढाने के लिए उपस्थित रहेंगे।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा की जाएगी एवं डॉ राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता जबलपुर महाविद्यालय आयोजन सचिव के कार्यभार नियंत्रित करेंगें। यह कार्यक्रम महाविद्यालय सभागार में सुबह 8:30 बजे से तीन सत्रों में आयोजित किया जायेगा प्रथम सत्र में पंजीयन, स्वागत उद्बोधन, महाविद्यालय की गौरव

यात्रा का प्रदर्शन तथा जबलपुर वेटरनरी एसोसिएशन द्वारा छात्रों को 21 स्वर्ण पदक वितरित किये जायेंगे, द्वितीय सत्र में पूर्व छात्र मिलन समारोह, महाविद्यालय पर आधारित प्रश्नोत्तरी, पारितोशक, बैच अनुसार समूह छाया चित्र एवं JVCA की साधारण सभा बैठक आयोजित की जाएगी, तृतीया एवं अंतिम सत्र में महाविद्यालयीन एवं पूर्व छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी, महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गण एवं छात्र–छात्राएं इस कार्यक्रम को लेकर बहुत उत्साहित है तथा सभी मेहमानों के स्वागत हेतु जोर शोर से तैयारियों में जुटे हुए है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर